हरियाली दिलाएगी अमृत योजना का लाभ

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : अटल मिशन फार रिज्युवेशन एंड अर्बन ट्रांसफार्मेशन (अमृत) का लाभ पाने के लिए पालिका प्रशासन को सात हजार पौधरोपित करने के लिए बाध्यता से बांध दिया गया है। योजना में चयनित सदर पालिका को अमृत योजना के तहत विभिन्न कामों के लिए आवंटित होने वाले धन को पाने के लिए लक्ष्य की भरपाई करनी होगी। केंद्र सरकार से मिले दिशा निर्देश के पालन में जुट गया है। केंद्रीय सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने अमृत योजना लागू की है। एक लाख आबादी वाली पालिकाओं को इसमें चयनित किया गया है। जिसके तहत विकास के तमाम विकास कार्य किए जाने हैं। इस काम में आवंटित होने वाला धन सीधे केंद्र सरकार से मिलेगा। स्थानीय पालिका प्रशासन के प्रोजेक्ट को प्रदेश शासन के संज्ञान में डालते हुए सीधे केंद्रीय मंत्रालय में डाला जाता है। योजना का क्रियान्वयन शुरू हो गया है। हाल ही में मंत्रालय ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत करते हुए पौधरोपण को अनिवार्य कर दिया है। सात हजार पौधों के रोपण की फोटो और फुटेज सीडी बनाकर मंत्रालय को भेजना होगा।

- **केंद्र सरकार की योजना का लाभ पाने के लिए बाध्यता**
- **लक्ष्य की भरपाई के लिए पालिका प्रशासन ने बनाई व्यापक कार्ययोजना**

डीएम करेंगे पौधरोपण अभियान की शुरुआत : सात हजार पौधरोपण के काम को डीएम डॉ. वेदपति मिश्र से कराए जाने की तैयारी में पालिका जुट चुका है। पालिका प्रशासन ने जो रणनीति बनाई है उसमें जिले के हाकिम से इसकी शुरुआत करानी तय हुई है। अभियान किस दिन शुरू होगा यह बात तय नहीं हो पाई है कारण कि अभी डीएम के कार्यक्रम की तारीख तय नहीं हो पाई है। पालिका प्रशासन पौध की खरीददारी और लोहे के ट्री गार्ड बनवाने में जुटा हुआ है।

क्या बोले जिम्मेदार : केंद्रीय योजना अमृत में पौधरोपण के लिए सात हजार का लक्ष्य इसबार दिया गया है। पांच साल में अलग अलग लक्ष्य दिए जाएंगे। लक्ष्य की भरपाई के लिए तैयारी चल रही है। ट्री गार्ड बनवाए जा रहे हैं, पौधों को खरीदने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सोमवार को पौधे आ जाएंगे। इसके बाद जिलाधिकारी से पौधरोपण की शुरुआत कराई जाएगी। पौधरोपण में मुख्य सड़कों के किनारे और पालिका के मैदानों में रोपण कार्य होगा। जिसकी फोटो और वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

पालिका परिसर में रखे ट्री गार्ड। जागरण